

## एक नजर में

### एसपी ने आमजनों से किया जनसंवाद



**बड़वानी।** समाज के सभी वर्गों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने एवं न्याय तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा चौपाल के माध्यम से सतत जनसंवाद किया जा रहा है। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों एवं वंचित वर्गों को कानूनी जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में 24 मार्च की शाम को शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेगांव में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्राम के आमजनों से सीधा जनसंवाद स्थापित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन भी दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नियमित अंतराल पर पुलिस चौपाल आयोजित कर इस तरह का जनसंवाद निरंतर जारी रखा जाएगा। जिससे आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण किया जा सके एवं पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो। इस दौरान नागरिकों को समाज में शांति, सौहार्द एवं सहयोग की भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यह संदेश दिया कि पुलिस एवं समाज के प्रत्येक व्यक्ति के संयुक्त प्रयासों से ही समाज के समग्र विकास एवं उत्थान की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। पुलिस चौपाल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान, डीएसपी महिला सुरक्षा महेश सुनैया, रक्षित निरीक्षक चेतन बघेल एवं थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन आदि मौजूद रहे।

### 30 मार्च को आयोजित होगा नि:शुल्क शिविर

**बड़वानी।** लायंस क्लब बड़वानी के सहयोग से जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित होने वाले नि:शुल्क नेत्र शिविरों से अब तक हजारों मरीज लाभ उठा चुके हैं। शिविरों के माध्यम से जहां मोतियाबिंद के मरीजों का इंदौर में नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जा रहा है, वहीं मरीजों और उनके परिजनों को लायंस क्लब बड़वानी द्वारा नि:शुल्क भोजन भी उपलब्ध कराया जाता है। अस्पताल द्वारा नि:शुल्क दवाईयां और चश्में भी दिए जा रहे हैं। डीडीपीएम अनिल राठौड़ ने बताया कि सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे और सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में 30 मार्च को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगया जाएगा। शिविर में चयनित मरीजों का नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण चोईथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर में किए जाएंगे। शिविर में चयनित नेत्र मरीजों को बस से इंदौर भेजा जाएगा। केम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम ने बताया कि मरीज के साथ एक परिजन होने पर ही ऑपरेशन किए जाएंगे। नेत्र मरीज पुरानी शुगर और ब्लड प्रेशर की दवाई ले रहे हो तो साथ में लेकर आए। महिला मरीज विशेष रूप से सिर के बाल धोकर आए। शिविर सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक ही रहेगा। राम जाट, महेश जोशी, कमलेश शर्मा, सचिन शर्मा, सुधीर पाण्डेय ने नेत्र मरीजों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाए।

### शहीद परिवार के साथ निकाली क्रांति मशाल यात्रा में उमड़े युवा

पीथमपुर. बस स्टैंड से घोड़ा चौपाटी तक निकाली गई क्रांति मशाल यात्रा में हजारों युवा हाथ में तिरंगा लेकर लहराते हुए निकले. डीजे पर देशभक्ति के गीतों ने अलग ही समा बांध रखा था. झूमते गाते मशाल के साथ यात्रा में बड़ी संख्या में लोग चल रहे थे. यात्रा मार्ग पर नगर वासियों द्वारा कई जगह मंच लगाकर पुष्प वर्षा कर तथा पुष्प मालाएं पहनाकर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया. कुल मिलाकर सोमवार को नगर में देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला. 25 वर्षों से लगातार आयोजन कर रहे राजीव यादव शहीद परिवारों के साथ मशाल यात्रा में चल रहे थे. सिख समाज के युवा सर पर पीली पगड़ी पहनकर देशभक्ति का संदेश दे रहे थे. बस स्टैंड से लेकर घोड़ा चौपाटी तक सैकड़ों युवाओं का सैलाब देखने को मिल रहा था. करीब दो किलोमीटर लंबी युवाओं की रैली थी. चारों और तिरंगा झंडा, सर पर पीली पगड़ी और मशालें दिखाई दे रही थीं. मशाल यात्रा में पीथमपुर के अलावा आसपास के 50 से ज्यादा गांवों के युवा शामिल थे. इसमें पीथमपुर, बदनावर, सरदारपुर, कुक्षी के आदिवासी युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए थे. पूर्व विधायक करण सिंह दरबार, पवार पार्षद, अशोक पटेल, विजय रघुवंशी, मनोज जायसवाल, राजकुमार रघुवंशी, प्रमोद मानकर, अमृत दरबार, रघुवंशी पार्षद, चमन चोपड़ा, राम अवतार यादव, सत्यनारायण यादव, ओपी यादव, सुरेश सुनहरे, विनायक, गज्जू, धर्मेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र उपाध्याय सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### अंबेडकर जयंती पर मार्ग बाधा को लेकर संगठनों ने आपत्ति जताई

महू. डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू में हर वर्ष आयोजित होने वाले जयंती कार्यक्रम को लेकर इस बार विवाद खड़ा हो गया है. डॉ. अंबेडकर सामाजिक एकता संगठन सहित कई सामाजिक संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मुख्य सड़क पर बनाए जाने वाले डोम और मंच को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है. ज्ञापन में बताया गया है कि 12, 13 और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु महू पहुंचते हैं. विशेष रूप से 13 और 14 अप्रैल को देर रात तक भारी भीड़ उमड़ती है. ऐसे में जन्मभूमि स्मारक के सामने मुख्य मार्ग पर डोम और मंच बनाए जाने से रास्ता संकरा हो जाता है, जिससे आवागमन में गंभीर बाधा उत्पन्न होती है. खासकर, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी भीड़ में परेशानी का सामना करना पड़ता है. कई बार धक्का-मुक्की, घुटन और बेहोशी जैसी स्थिति भी बन जाती है, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि वर्तमान व्यवस्था के चलते कोई जनहानि होती है तो इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी. संगठनों ने जनहित और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेने की अपील की है.

### जयंती पर 3 दिनों तक लगेगा अंबेडकर अनुयायियों का महाकुंभ

महू. प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भीम जन्मभूमि स्मारक सोसायटी द्वारा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी. उक्त आयोजन के लिए मुख्य प्रभारी डॉ. अनिल गजभिए, अरुण इंगले, विनोद मेघवाल, दिनेश सोनोने, विजया सकपाल, माणिकराव तायड़े एवं महू परिवार से समाज प्रमुख, क्लब प्रमुख, संगठन प्रमुख व महिला संगठनों को जोड़ा गया है. भदंत डॉ. धम्मदीप महाथेरा (अध्यक्ष) एवं राजेश वानखेड़े (सचिव) ने बताया कि समग्र अंबेडकर मिशन मंच के तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें सभी समाज प्रमुखों को बुलाया जाएगा. संगोष्ठी का विषय राष्ट्रीय मुद्दों का होगा. इसी दौरान 12 अप्रैल को बौद्ध भिक्षुओं द्वारा धम्म देशना का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के प्रमुख बौद्ध भिक्षुओं को आमंत्रित किया गया है. 13 अप्रैल को शाम 4 बजे डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय गौरव यात्रा निकाली जाएगी, स्मारक पर रात्रि के समय भीम गीतों का आयोजन होगा. रात 12 बजे बौद्ध भिक्षु, समता सैनिक दल, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं उपासकों द्वारा सलामी दी जाएगी. तथा भव्य रंगारंग आतिशबाजी की जाएगी. सुबह बाबा साहब आंबेडकर के अस्थि कलश के पास सामूहिक बुद्ध वंदना की जाएगी. 10 बजे बाद मुख्यमंत्री के आगमन पर नमन, माल्यार्पण, भ्रमण एवं समता स्वरूप भोजन किया जाएगा.

# अफवाहों के बीच पेट्रोल पंप पर लगी लोगों की भीड़



**पानसेमल, (नवभारत)।** क्षेत्र के पेट्रोल डीजल पम्पों पर सोमवार को वाहनों की भीड़ एक दम से नजर आई। ग्राहकों एवं पंप संचालकों से जानकारी लेने पर पता लगा कि खेतिया के पास महाराष्ट्र राज्य का खेड़दिगर लगता है। जहां एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल का स्टॉक संभवत: खत्म हो गया है। इस वजह से दूसरे पर सुबह से भीड़ लगी हुई है। शहादा शहर में मात्र एक पंप पर पेट्रोल का स्टॉक मौजूद होने की जानकारी भी दी गई हैं। वहां भी वाहनों की लंबी कतार होने से प्रति वाहन 5 लीटर ही सप्लाय की जा रही हैं। शहादा तहसील के खेड़दिगर में ही पेट्रोल उपलब्ध हैं। इसी कारण मप्र के सीमावर्ती क्षेत्र में लोग पेट्रोल के लिए पहुंच रहे हैं। जिले में पेट्रोल का सप्लाय पर्याप्त मात्रा में हो रहा है, लेकिन अचानक भीड़ आने से पेट्रोल खत्म हो गया है। पंप संचालकों ने बताया अफवाह के चलते लोग पेट्रोल का स्टॉक व अतिरिक्त पेट्रोल खरीद रहे हैं।

इस विषय को लेकर तहसीलदार सुनील सिसोदिया ने बताया कि खेतिया पानसेमल क्षेत्र के पेट्रोल/डीजल पंप संचालकों से उपलब्ध स्टॉक की जानकारी ली गई। वहीं क्षेत्रवासियों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही हैं।

**खेतिया में खत्म, निवाली में मिल रहा पैट्रोल**

खेतिया नगर में 4 पेट्रोल पंप है। जिसमें सभी का पेट्रोल खत्म हो गया है। पानसेमल में 5 पेट्रोल पंप है। जहां पेट्रोल है, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण वहां 200 रुपए का पेट्रोल व 1 हजार रुपए का ही डीजल दिया जा रहा है। ताकि स्टॉक बना रहे। इसी तरह निवाली में 4 पेट्रोल पंप है। जिसमें से दो पंप पर कल रात से पेट्रोल का स्टॉक खत्म हो गया था। दो अन्य पेट्रोल पंप पर भीड़ होने से 100 व 200 रुपए का ही पेट्रोल दिया जा रहा है। संचालकों के अनुसार एक माह में 4 ट्रक लगते हैं, लेकिन अफवाह के कारण भीड़ लगने पर स्टॉक खत्म हो गया। संचालक पेट्रोल का आर्डर दिया है। जो सुबह तक पहुंच जाएंगे।

**ली जाएगी जानकारी**

जिले में रोजाना पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल का सप्लाय हो रहा है। महाराष्ट्र के पास वाले क्षेत्र में ही सप्लाय प्रभावित होने की सूचना नहीं है। इसकी जानकारी ली जाएगी।

भारतसिंह जमरे, खाद व आपूर्ति अधिकारी बड़वानी

## महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



**बड़वानी, (नवभारत)।** मुख्यालय पर बुधवार को ठीकरी जपं की ग्राम पंचायत बघाड़ी अंतर्गत आने वाले गांव डांगरीपुरा, गाडरियापुरा एवं भीलपुरा में अवैध एवं वैध शराब बिक्री को तत्काल बंद कराने की गुहार लेकर महिलाओं ने कलेक्टर जयति सिंह, नायब तहसीलदार बाबूसिंह निनामा एवं एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के नाम से ज्ञापन सौंपा।

इन ग्रामों में कई लोगों द्वारा अवैध कच्ची शराब एवं लाइसेंसी पक्की शराब का विक्रय किया जा रहा है। जिस वजह से कई घरों के पुरूष एवं कम उम्र के बच्चें शराब के पीने लगे हैं। घर का सामान, अनाज, बर्तन जो कुछ भी सामग्री सामने आती हैं, उसे बैच कर शराब पिने का कार्य कर रहे हैं। महिलाएं परेशान हो चुकी हैं। शराब पीने के बाद पुरूषों द्वारा घर की महिलाओं के साथ अभद्रता पूर्वक व्यवहार कर मारने-पिटने जैसा कार्य किया जाता है। गांव के अन्य लोगों से झगड़ा फसाद किया जाता है। हर दिन किसी न किसी से विवाद हो रहा है।

उन्होंने कहा कि अवैध या वैध शराब बिक्री को बंद कराए। साथ ही महिलाओं द्वारा शराब विक्रेताओं के द्वारा सट्टा, जुआ, पत्ते जैसे अवैध व्यापार किए जा रहे हैं। इन व्यापारियों पर कारवाई की जाने की मांग की गई।

## कंपनी वसूल रही लाखों, फायर सेफ्टी नपा के भरोसे

- मुंबई-आगरा हाईवे पर कंटेनर में लगी आग से फिर खुली पोल।

**सेंधवा, (नवभारत)।** मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक कंटेनर आरजे 14 जेएन 2742 के केबिन में लगी आग ने हाईवे सुरक्षा की पोल खोलकर रख दी। घटना के दौरान ट्रक में अचानक आग भड़क उठी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चालक ने किसी तरह ट्रक को किनारे लगाकर अपनी जान बचाई, लेकिन हालात इतने बिगड़े कि केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस हाईवे पर रोजाना लाखों रुपए का टोल वसूला जाता है, वहां आपात स्थिति से निपटने के इंतजाम नदारद क्यों हैं। टोल कंपनी के पास न तो पर्याप्त संसाधन या दमकल था और न ही कोई त्वरित व्यवस्था नजर आई।

गनीमत रही कि सूचना मिलने पर नगर पालिका की दमकल टीम मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि दमकल समय पर नहीं पहुंचती, तो आग बड़ा हादसा बन सकती थी।

स्थानीय लोगों ने टोल वसूली करने वाली कंपनी पर सीधा आरोप लगाया है कि कंपनी केवल पैसे वसूलने में लगी है, लेकिन सुरक्षा और आपात व्यवस्थाओं की ओर पूरी तरह से लापरवाह है। हाईवे पर फायर सेफ्टी जैसे बुनियादी इंतजामों का अभाव गंभीर चिंता का विषय है।

घटना ने साफ कर दिया है कि टोल कंपनियां अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ रही हैं और आम लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस लापरवाही पर कोई सख्त कार्रवाई करेगा या फिर ऐसी घटनाएं यूं ही दोहराई जाती रहेंगी। बता दे सेंधवा के निकट जामली टोल प्लाजा है, जहां प्रतिदिन लाखों का टोल टैक्स वसूल किया जाता है।

हाईवे रखरखाव को लेकर टोल कंपनी के मेंटेनेंस मैनेजर पीएस मंडलोई की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लापरवाही के चलते किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि बड़ी बिजासन से खलघाट तक कई स्थानों पर सड़क किनारे मिट्टी जमा हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी सुधारात्मक कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। वहीं कई कट प्वाइंट्स पर येलो लाइट बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है।

इस स्थिति को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि टोल कंपनी केवल शुल्क वसूली पर ध्यान दे रही है, जबकि सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी को नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया जाए और मेंटेनेंस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारी के कार्यों की समीक्षा कर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

**लापरवाह मैंटनेंस मैनेजर**

टोल कंपनी के मैंटनेंस मैनेजर पीएम मंडलोई लापरवाह है। ऐसे में लोगों ने मांग की है कि टोल कंपनी पर मैंटनेंस मैनेजर को बदला जाए। मैंटेनेंस और फायर सेफ्टी इंतजाम को लेकर उनका पक्ष जानने के लिए जब हमारे द्वारा पीएस मंडलोई के मोबाइल पर कॉल किया गया, तो उन्होंने रिसीव नहीं किया और न ही बाद में कॉल किया। नपा के दमकल चालक अजय मोर्यवंशी ने बताया कि टोल कंपनी का दमकल मौके पर नहीं था, हमारे द्वारा ही आग पर काबू पाया गया।

## प्रेम प्रसंग को लेकर महिला से की अभद्रता, पति से मारपीट

**इंदौर. भंवरकुआं क्षेत्र के चितावद इलाके में एक महिला से छेड़छाड़ और उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. महिला अपनी बेटी के प्रेम संबंध को लेकर समझाइश देने गई थी, इसी दौरान विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए उसके पति के साथ मारपीट की गई.**

थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि कुम्हार भट्टी पालदा क्षेत्र में रहने वाली 32 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी बेटी का चितावद में रहने वाले एक युवक से संबंध है. इसी विषय पर बात करने के लिए वह अपने पति कुलदीप के साथ रात को युवक के घर पहुंची थी. बातचीत के दौरान वहां मौजूद युवक का साथी मुन्ना हार्डिया भी आ गया. आरोप है कि उसने महिला के साथ गलत हरकत करते हुए अभद्रता की. महिला ने विरोध किया और शोर मचाते हुए अपने पति को बुलाया. स्थिति बिगड़ने पर मुन्ना ने अपने भाई मेहुल हार्डिया को मौके पर बुला लिया. इसके बाद दोनों ने मिलकर महिला के पति के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की. शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, जिससे घबराकर आरोपी मौके से भाग निकले. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

## खजराना मंदिर पुजारी परिवार पर बहू ने लगाया आरोप

- पति व ससुराल पक्ष पर दहेज में 1 करोड़ और फॉर्च्यूनर की मांग
- मारपीट और घर से निकालने का आरोप

**इंदौर. खजराना गणेश मंदिर से जुड़े पुजारी परिवार में घरेलू विवाद पुलिस तक पहुंच गया है. परिवार की बहू इंदिरा भट्ट ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत देकर पति पुनीत भट्ट समेत ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं. पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है.**

पीड़िता इंदिरा भट्ट ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में नव भारत को बताया कि उनका विवाह खजराना गणेष मंदिर के पुजारी सुमित भट्ट से 17 मई 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था. शुरुआत में पारिवारिक माहौल सामान्य रहा, लेकिन कुछ ही महीनों बाद ससुराल पक्ष का व्यवहार बदल गया. उनका आरोप है कि पति, सास, ननद, नंदोई और अन्य परिजनों ने मिलकर दहेज के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया. शिकायत में कहा गया है कि उनसे मायके से 1 करोड़ रुपए और फॉर्च्यूनर कार लाने की मांग की गई. मांग पूरी न होने पर उनके साथ मारपीट, अपमान और मानसिक प्रताड़ना दी गई. कई बार उन्हें खाना तक नहीं दिया और घर में बंद कर रखा. इतना ही नहीं, उन्हें नौकरी करने से भी रोका गया.



**सितंबर 2025 में घर से निकाल दिया, मायके में रह रहीं**

इंदिरा ने यह भी आरोप लगाया कि उनके जेवर और करीब 5 लाख रुपए नकद ससुराल पक्ष ने अपने पास रख लिए. वापस मांगने पर प्रताड़ना और बढ़ा दी गई. घटना के पीछे पारिवारिक कारण भी सामने आए हैं. शिकायत के अनुसार, पति ने संतान की इच्छा के चलते विवाह किया था, लेकिन परिवार द्वारा गोद लिए गए बेटे उदित की पत्नी के गर्भवती होने के बाद से उनके प्रति व्यवहार में बदलाव आ गया. इसके बाद ही दहेज की मांग तेज हो गई और सितंबर 2025 में उन्हें घर से निकाल दिया. पीड़िता का यह भी आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की और दबाव बनाने के लिए पुलिस कार्रवाई का भी सहारा लिया. वर्तमान में वे मायके में रहने को मजबूर हैं. उन्होंने लगातार धमकियां मिलने का भी आरोप लगाया है. इंदिरा भट्ट ने अपनी शिकायत में दहेज प्रताड़ना, मारपीट और धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है.

## इंस्टाग्राम दोस्त युवती को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

- हरियाणा लेजाकर कई दिनों तक किया शारीरिक शोषण, बाद में शादी से मुकरा

**इंदौर.** सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. आरोपी युवक शादी का झांसा देकर उसे हरियाणा ले गया और करीब आठ दिन तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा. बाद में जातिगत टिप्पणी करते हुए शादी से इनकार कर दिया. इसके बाद युवती ने पुलिस में मामला दर्ज कराया.

छोटी ग्वालटोली थाना प्रभारी संजू कामले ने बताया कि 26 वर्षीय युवती की शिकायत पर हरियाणा के जिंद सिटी निवासी साहिल लाठर और उसके पिता जसवीर लाठर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है. युवती ने बताया कि उसकी पहचान आरोपी से इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और नजदीकियां हो गई. आरोप है कि साहिल इंदौर आया और शादी का भरोसा देकर युवती को एक होटल में ले गया, जहां उसके साथ जबरन संबंध बनाए. इसके बाद वह युवती को अपने साथ हरियाणा के जिंद स्थित अपने घर ले गया, जहां करीब आठ दिनों तक उसे अपने पास रखकर दुष्कर्म करता रहा. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने उसकी जाति को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की और शादी से साफ इनकार कर दिया. इतना ही नहीं, आरोपी के पिता और परिजनों ने भी इस रिश्ते को ठुकराते हुए उसे वहां से जाने के लिए मजबूर कर दिया. पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.


## चलते ट्रक से 7 बोरे और 5 बॉक्स ले उड़े बदमाश

**इंदौर.** कनाड़िया थाना क्षेत्र में चलते ट्रक से पार्सल चोरी होने का मामला सामने आया है. अज्ञात बदमाश ट्रक में रखे सामान को पार कर फरार हो गए.

पंजाब के रूपनगर जिले के ग्राम सन्नो माजरा में रहने वाले 35 वर्षीय अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि मैं ट्रक नम्बर एमएच 46 बीएम 4267 को लेकर सुबह करीब 4.55 बजे बिचौली मर्दाना ब्रिज बायपास रोड से गुजर रहा था. इसी दौरान अज्ञात चोर चलते वाहन से ही ट्रक में रखे 7 बोरे और 5 बॉक्स चोरी कर ले गए, जिनमें डिलेवरी का सामान रखा हुआ था. थाना प्रभारी सहर्ष यादव का कहना है कि घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**एक नजर में** अव्यवस्थित सीवरेज लाइन और पीने के पानी की पाइपलाइन के बीच लापरवाही के कारण उत्पन्न हो रहा गंभीर स्वास्थ्य संकट

## सड़कों के निर्माण के दौरान सीवरेज लाइन की अनदेखी बनी बड़ी समस्या



**इंदौर. शहर में सडकों के निर्माण के दौरान सीवरेज लाइन और अन्य भूमिगत इंफ्रास्ट्रक्चर की अनदेखी एक बड़ी समस्या बन गई है. हालिया घटनाओं के अनुसार, अव्यवस्थित सीवरेज लाइन और पीने के पानी की पाइपलाइन के बीच लापरवाही के कारण गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हुए हैं.**

मूसाखेड़ी और उद्योग नगर के बीच स्थित वार्ड क्रमांक 51 में सीवरेज से जुड़ी समस्या सामने आई है. वार्ड के विराटनगर दरगाह वाला रोड की अंतिम गली में देखने में आया है कि यहां चैंबरों की गंदगी सडकों पर इस तरह से बह रही है, जैसे कि बरसात में सडकें पानी से तरबतर रहती हैं. इससे उठने वाली दुर्गंध आसपास के रहवासी और व्यापारियों को परेशानी में डाल रही है. आने-जाने वाले राहगीर गंदगी से परेशान हैं. यह क्षेत्र मजदूर वर्ग वाहुल्य है. यहां पर बच्चे आमतौर पर सडकों पर खेलते रहते हैं. ऐसे में गंदगी और बदबू से होने वाली बीमारियां बच्चों को चपेट में ले रही हैं. गंदगी से मच्छर और मक्खियों की तादाद क्षेत्र में बढ़ रही है. बताया जाता है कि सडक निर्माण के दौरान कुछ सडकें नीचे और कुछ सडके ऊंची कर दी गई, वहीं उनके नीचे बिछाई गई सीवरेज असंतुलित हो गया है, जिसके कारण निकासी नहीं हो पा रही है और सीवरेज का गंदा पानी सडकों पर इकट्ठा हो जाता है.

**यह बोले रहवासी...**



एक गली का ऊंचा दूसरी गली का नीचा रोड है. चेंबर का पानी अंदर से बाहर फैलता है, बदबू आ रही है. निगम में शिकायत की तो कहते हैं रोड बनेगा, अब पता नहीं कब बनेगा.

**- महेश कनारे**

पूरे साल पानी भरा रहता है, मच्छर मक्खी हो रहे हैं, बच्चे भी खेलते हैं, जो बीमार हो रहे हैं. सफाई कर्मी उसे ठीक से साफ नहीं करते. 311 पर भी शिकायत की, लेकिन अब तक निराकरण नहीं हुआ.




**- राजेश परमार**



लाइन सफाई के लिए जब भी शिकायत करते हैं तो सफाई कर्मी आते हैं, लेकिन थोड़ा-बहुत करके चले जाते हैं, लेकिन उसके अगले ही दिन ही चेंबर चौक हो जाते हैं. जनसंख्या को देखकर बड़ी लाइन डाली जाना चाहिए.

**- यश कलोसिया**

**अगर दोबारा समस्या बन रही है तो उसे भी ठीक कराएंगे**



घनी बस्ती है किराएदार ज्यादा हैं, उन्हें सूखी वस्तु ड्रेन करने से बचना चाहिए. तीन दिन पहले ही कई चैंबर लाइनें फ्री करवाई हैं. अगर दोबारा समस्या बन रही है तो उसको भी दिखवाकर ठीक कराएंगे.